पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 20 फरवरी, 2020 | वर्ष-12 | अंक -306 | पृष्ठ - 14 | मूल्य - 4.00 रुपए

प्रदूषण को कम करने के लिए बिल्डर ने लगाया वाटर गन

ग्रेटर नोएडा, 19 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ ग्रुप ने निर्माण स्थलों पर धूल कण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने अपने प्रोजेक्ट 7वें एवेन्यू, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में वाटर गन लगाई है, जो धूल को निपटाने में मदद करेगी। यह निर्णय न केवल दिल्ली एनसीआर में बल्कि पूरे उत्तर भारत में पहली बार बढ़ती चिंताओं के बाद लिया गया था कि निर्माण स्थल पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं। वहीं गौड़ ग्रुप पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाने में हमेशा आगे रहा है जो निवासियों की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है। कंपनी की नीति है कि अपने प्रोजेक्टों पर वाटर हर्वेस्टिंग सिस्टम और एसटीपी संयंत्रों की स्थापना व जीरो गार्वेज पर प्रमुख रुप से ध्यान देती है। मनोज गौड़, एमडी, गौड़ ग्रुप ने कहा कि हमारी कंपनी लोगों के भावना से जुड़ी है, वाटर गन निश्चित रूप से प्रदूषण को रोकने में हमारी मदद करेगी।

■ वाटर गन निर्माण स्थल पर मौजूद धूल को निपटाने में करेगा मदद